# चिठिया ले जा ऊधो जा के कहियो कन्हैया से भजन लिरिक्स

चिठिया ले जा ऊधो,
जा के कहियो कन्हैया से,
बिरहा सहा नही जाए।bd।

---

कैसी है निगोड़ी मेरी,
हाथ की ये रेखा,
रूठे जो कन्हैया फिर,
मुड़के न देखा,
कदम के डार पे,
खिलता नही है फूल,
वृंदावन के गलियों में,
मिलता नही है धूल,
पतिया ले जा ऊधो,
जा के कहियो कन्हैया से,
बिरहा सहा नही जाए।bd।

---

कौन चुराए माखन मोरा,
तेरे बिना लगे मोहन,
जीवन ये कोरा,
कौन फोड़ेगा मेरी,
जल की ये मटकी,
निकसे न तन से प्राण,
क्यों ये जान अटकी,
पतिया ले जा ऊधो,
जा के कहियो कन्हैया से,
बिरहा सहा नही जाए।bd।

---

ऊधो जा के कहना,
हम कुछ न कहेंगे,
रूठे जो कन्हैया तो फिर,
रूठने न देंगे,
झूठ भी कहेगा उसे,
सच मान लेंगे,
अब न यशोदा से,
चुगली करेंगे,
पतिया ले जा ऊधो,
जा के कहियो कन्हैया से,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बिरहा सहा नही जाए।bd।

चिठिया ले जा ऊधो,
जा के कहियो कन्हैया से,
बिरहा सहा नही जाए।bd।

गायक / प्रेषक – रुपेश चौधरी।
**7004825279**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com